पत्रिका

पाली शहर

03/12/2025

सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षा

# परीक्षा में बैठने के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**अजमेर.** सीबीएसई के दसवीं-बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी करनी जरूरी होगी। इससे कम उपस्थिति पर विद्यार्थी परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे। अगले साल 17 फरवरी से दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं शुरू होंगी। सीबीएसई इसकी तैयारियों में जुट गया है। बोर्ड ने अटेंडेंस को लेकर आदेश जारी किए हैं। दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों को 75 फीसदी उपस्थिति पूरी करनी जरूरी होगी।

**25 प्रतिशत छूट का प्रावधान** : बोर्ड ने विशेष परिस्थितियों में ही उपस्थिति में 25 प्रतिशत की छूट देने का प्रावधान रखा है। इसके तहत मेडिकल इमरजेंसी, राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने अथवा अन्य गंभीर कारणों को शामिल किया गया है। ऐसे मामलों में विद्यार्थियों को दस्तावेज दिखाने पर ही छूट मिल सकेगी।



## स्कूल रखेंगे रिकॉर्ड

सीबीएसई ने सभी रीजन में सम्बद्ध स्कूलों को विद्यार्थियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड रखने व प्रतिमाह अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, उपस्थिति रजिस्टर पर क्लास टीचर और स्कूल के अधिकारी के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से करने को कहा है।

## फैक्ट फाइल

**45** लाख विद्यार्थी देंगे दसवीं-बारहवीं की परीक्षा

**21** रीजन हैं पूरे देश में

**96** साल हो चुके हैं सीबीएसई को

पत्रिका